# Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# पिथौरागढ़ में गर्भवती महिलाओं का धैर्य देने लगा अब जवाब

**दुर्दशा**

## हमारी भी सुध ले लो माननीय मुख्यमंत्री जी....

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट**

पिथौरागढ़। जिले के महिला अस्पताल में लंबे समय से रेडियोलाजिस्ट नही होने से दूर दराज के सीमावर्ती गांवों से आने वाली गर्भवती महिलाओं को अल्ट्रासाउंड कराने के लिए दर दर की ठोकरें खानें को मजबूर होना पड रहा है। ऐसे में अस्पताल में कोई इंतजाम न मिल पाने के कारण प्राइवेट अल्ट्रासाउंड सेंटरों के आगे महिलाओं को लंबी भीड़ देखने को मिल रही है। बता दें कि ऐसे में जहां एक ओर प्राइवेट लैब संचालको की मोटी कमाई हो रही है। वही दूसरी ओर कई महिलाओं को दूर दराज से आने के बावजूद निराश होकर मायूस लौटना पड़ रहा है।

जानकारी के मुताबिक जिला मुख्यालय में पड़ोसी देश नेपाल व दूर दराज के पर्वतीय गांवों से जिला मुख्यालय में गर्भवती महिलाओं को प्रसव की जांच व प्रसव कराने के लिए जिले के महिला अस्पताल



में आना पड़ता है। मगर आलम यह है कि पिथौरागढ़ में कई बार जनसंगठनों के द्वारा जनपद स्तर पर बड़े बड़े आंदोलन व प्रदर्शन करने के बाद सीमांत के महिला अस्पताल में आज तक रेडियोलाजिस्ट की तैनाती नही हो पाई है। पांच लाख की आबादी वाले जिला अस्पताल में दो विधायक होने के बावजूद भी जिले के इतने बड़े महिला अस्ताल में आज तक रेडियोलाजिस्ट का पद खाली पड़ा है। मुख्यमंत्री तक मामला पहुंचने के बाद भी जिले में गर्भवती महिलाओं को अल्ट्रासाउंड कराने के लिए दर दर की ठोकरें खानें को मजबूर होना पड़ रहा है। जिले में हालात इतने बददतर हो चुके है कि प्रसव पीड़ा से जूझ रही गर्भवती महिलाओं को प्रसव और इलाज के लिए जिले के महिला अस्पताल में तैनात डाक्टर हल्द्वानी रैफर करने की राय दे रहे है। हाल ही में जिले में कई प्रसव पीड़ित महिलाओं को समय पर इलाज न मिल पाने के कारण जच्चा व बच्चा दोनों की रास्ते में मौत होने के मामले ज्यादा सामने आने लगे है।

जिले के मुख्य विकास अधिकारी निरज गहरवाल द्वारा पहले अपने इंतजाम पर जिले की गर्भवती महिलाओं को अल्ट्रासाउंड की सुविधा प्रदान की जाती थी। गहरवार के सरकारी कार्यो में व्यस्त होने के बावजूद अब इन महिलाओं की कुशल क्षेम पूछने वाला भी कोई नही है। जिले को बड़े–बड़े जनप्रतिनिधि मिलने के बावजूद भी जिले के अस्पतालों की अनदेखी बनी हुई है। ऐसे हालातों में जिले में दूर दराज से इलाज के लिए आने वाली गर्भवती महिलाओं ने प्रदेश के मुख्यमंत्री से एक बार फिर से पुरजोर मांग की है कि आखिरकार गर्भवती महिलाओं की सुध तो ले लो मुख्यमंत्री जी। दूसरी ओर निजी क्लीनिक संचालकों की मनमानी पर तो कम से कम रोक लगाने की भी मांग उठने लगी है।

## न्यूज डायरी

### फीस माफी की मांग को लेकर पानी की टंकी पर चढ़ा पार्षद

**संवाददाता** हल्द्वानी। फीस माफी की मांग को लेकर हल्द्वानी के बुद्ध पार्क में अभिभावकों का आंदोलन जारी है। मंगलवार को अचानक उस वक्त अफरा–तफरी का माहौल हो गया जब पार्षद रोहित कुमार फीस माफी की मांग को लेकर जल संस्थान के पानी की टंकी पर चढ़ गया। वहीं से वह अपनी मांगों के लेकर चिल्लाता रहा और रेलिंग से कूदने की धमकी देता रहा। देखते ही देखते लोगों की मौके पर भीड़ जुट गई। कुछ ही देर में पुलिसकर्मी और नेता प्रतिपक्ष इंदिरा हृदयेश भी पहुंच गईं। समर्थकों के साथ नेता प्रतिपक्ष भी नीचे से रोहित को उतरने के लिए समझाती रहीं। आखिरकार कुछ देर बाद छात्रनेता योगेंद्र बिष्ट ने टंकी पर चढ़कर रोहित को पकड़ लिया। बाकी साथी भी पहुँच गए। पार्षद को नीचे लाने के दौरान अचानक मधुमक्खियों ने हमला बोल दिया। जिससे मौके पर अफरातफरी का माहौल हो गया।

### दून दिल्ली हाइवे पर ट्रक और मोटरसाइकिल की भिड़ंत, दो युवकों की हुई मौत

**संवाददाता** देहरादून। देहरादून दिल्ली हाइवे पर आशारोड़ी के पास एक ट्रक और मोटरसाइकिल में आमने–सामने भिड़ंत हो गई। जिसमें मोटरसाइकिल सवार दो युवकों की मौके पर ही मृत्यु हो गई। पुलिस के अनुसार, मृतकों की पहचान जतिन (17 वर्ष) पुत्र तिलकराज निवासी फरीदपुर, मांडूवाला, थाना फतेहपुर जिला सहारनपुर उत्तर प्रदेश और संदीप कुमार (30 वर्ष) पुत्र रामलाल निवासी अहलावलपुर, थाना चरथावल, जिला मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश के रूप में हुई। ट्रक चालक मौके पर ट्रक को छोड़कर फरार हो गया, ट्रक में सवार अन्य व्यक्ति से घटना के संबंध में जानकारी करने पर ज्ञात हुआ कि ट्रक सहारनपुर से दून आ रहा था, जिसमे चिप्स के पैकेट भरे थे।

### पांच दिवसीय विशेष निःशुल्क योग शिविर का किया गया शुभारंभ

**संवाददाता** देहरादून। दून योगपीठ देहरादून के तत्वावधान में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस ( 17 सितंबर) के अवसर पर लोगों की रोग प्रतिरोधक शक्ति को बढ़ाने के लिए मंगलवार से 19 सितंबर तक पांच दिवसीय विशेष निःशुल्क योग शिविर का शुभारंभ किया गया है। यहां जारी एक बयान में दून योग पीठ के संस्थापक आध्यात्मिक गुरु आचार्य विपिन जोशी ने बताया कि उनके सानिध्य में प्रातः एवं सायं काल 6 बजे से 7 बजे तक दून योग पीठ के नए कैंपस 4 माल रोड दून स्कूल के पास शिविर आयोजित किया गया है।

## यूकेडी ने शुरू किया सदस्यता अभियान सैकड़ों युवाओं ने ली सदस्यता

हल्द्वानी। दल की मजबूती के लिए शहर के 60 वार्ड और ग्रामीण क्षेत्र में जागरूकता व सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। इसकी शुरुआत हल्द्वानी से की गई है। ये बात मंगलवार को उत्तराखंड क्रांति दल (यूकेडी) के पूर्व केंद्रीय महामंत्री सुशील उनियाल ने कही। शहर के हरिओम बैंक्वेट हॉल में मंगलवार को यूकेडी ने जन जागरूकता अभियान व सदस्यता अभियान की शुरुआत की। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक नारायण सिंह जंतवाल ने कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव के लिए दल को मजबूती दी जाएगी। अभियान में अधिक से अधिक लोगों को जोड़ा जाएगा। कार्यक्रम में सैकड़ों युवाओं ने यूकेडी की सदस्यता भी ली। इस मौके पर नैनीताल के जिलाध्यक्ष दिनेश चंद्र, उपाध्यक्ष देवेश सेन, महानगर अध्यक्ष रवि वाल्मीकि, एडवोकेट प्रकाश जोशी, दीवान सिंह, प्रताप सिंह चौहान, रमेश पंत, मोहम्मद इरफान, मनीषा आर्य, भावना मेहरा, मदन सिंह मेर, एनडी तिवारी मौजूद रहे।



## मुख्यमंत्री ने पेटीएम के उपाध्यक्ष से की भेट

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत से शनिवार को मुख्यमंत्री आवास में पेटीएम के उपाध्यक्ष अभय शर्मा और प्रबंधक प्रियांशु मिश्रा ने भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने कोरोना योद्धाओं के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष हेतु मास्क, ग्लब्स, सैनीटाइजर एवं हैण्डवास दिये। श्री अभय शर्मा ने कहा कि पेटीएम अपनी सेवाओं को और अधिक बेहतर बनाने के लिए प्रयासरत है। श्री बदरीनाथ एवं श्री केदारनाथ मंदिर हेतु पेटीएम द्वारा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। कोविड के दौरान पेटीएम द्वारा लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने उत्तराखंड में पेटीएम का ऑफिस खोलने की ईच्छा भी जताई।

# सीमांत के उच्च हिमालयी गांवों में जारी है एनएचपीसी का स्वास्थ्य शिविर

**सवांददाता**

ऋषिकेश। कोरोना वायरस संक्रमण की रोकथाम के लिए घोषित लॉकडाउन के दौरान ऋषिकेश के लक्ष्मण झूला, स्वर्ग आश्रम में व्यापार पूरी तरह से प्रभावित हुआ है। यहां के व्यापारियों ने मंगलवार को गंगा तट पर प्रदर्शन कर राज्य सरकार से सरकारी देयकों के भुगतान में एक वर्ष तक की छूट देने की मांग की।



लक्ष्मण झूला स्वर्ग आश्रम क्षेत्र का व्यापार पर्यटन और तीर्थाटन पर आधारित है। मार्च माह से घोषित लॉकडाउन के बाद से यहां व्यापारिक गतिविधियां पूरी तरह से ठप है। यहां के व्यापारी सरकार से राहत पैकेज के साथ बिजली–पानी के बिलों में एक वर्ष की छूट व विभिन्न टैक्स में छूट की मांग कर रहे हैं। मांग के समर्थन में इन व्यापारियों ने गंगा तट पर अर्धनग्न प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन में व्यापार मंडल के अध्यक्ष नारायण रावत, नगर पंचायत अध्यक्ष माधव अग्रवाल, अंकित गुप्ता, मुरली शर्मा, गोविंद अग्रवाल, ब्रजबिहरी अग्रवाल, गोरीशंकर अग्रवाल, विजय शर्मा, विजय गुप्ता, चेतन चौहान, सचिन पोखरियाल, राजीव गुप्ता, मनोज पोरवाल, सचिन चोपड़ा, चेतन चौहान, सोनू राणा, वीर सिंह राणा, नवीन राणा आदि शामिल रहे।

## भाजपा नेता पर रंगदारी मांगने का केस हुआ दर्ज

**संवाददाता** पिथौरागढ़। जिला मुख्यालय के ठेकेदार बांके लाल चौधरी पुत्र सत्यनाराण चौधरी निवासी कुजौली पिथौरागढ़ ने थाना कोतवाली में भाजपा नेता गोपू महर निवासी कुमौड पर दो लाख रूपये रंगदारी व ठेकेदार व उसके परिवार को धमकाने का आरोप लगाते हुए थाना कोतवाली में मामला दर्ज कराया है। बता दें कि यह मामला बीते रविवार का है। फेसबुक व संदेश मेंसेजर में आरोपी भजपा नेता गोपू महर का जिले के ठेकेदार को गाली गलौच करने व रंगदारी मांगने का विडियों जारी होने के बाद गोपू महर पर थाना कोतवाली में मामला दर्ज हो गया है।

ठेकेदार ने भाजपा नेता पर आने परिवार व उसकी जान को खतरा बताने पर सुरक्षा व न्याय की गुहार की मांग की है। थाना कोतवाल रमेश तनवर से मिली जानकारी के मुताबिक मामले की तहरीर थाने मे दर्ज किये जाने की सूचना दी गई है। मामले की जांच किये जाने की बात कही है। ठेकेदार व उसके परिवार को सुरक्षादेने की बात भी कही है।